दिनांक 24.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सेक्टर-05 क्षेत्र में करोड़ों रुपयों से होंगे विकास कार्य , महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन , वार्ड 54 के सड़कों के किनारे वृहद स्तर पर लगेगा पेवर ब्लाॅक

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड 54 सेक्टर 05 में एक करोड़ 27 लाख की लागत से विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों के लिए आज महापौर एवं विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी नीरज पाॅल एवं क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। सेक्टर 05 के प्रमुख सड़कों पर वृहद स्तर पर पेवर ब्लाॅक लगाने एवं नाली निर्माण के कार्यों की सौगात महापौर श्री यादव ने क्षेत्र के नागरिकों को दी। वार्ड 54 में पेवर ब्लाॅक लगने के बाद सड़के स्वच्छ रहने के साथ ही मॉर्निंग वॉक एवं इवनिंग वॉक में आसानी होगी! बारिश के पानी की बेहतर निकासी के लिए नालियां भी बनाई जाएंगी। सेक्टर 05 में किए जा रहे विकास कार्यों के लिए मोहल्ले वासियों ने महापौर श्री यादव का सम्मान भी किए। भिलाई निगम क्षेत्र के जोन 05 अंतर्गत वार्ड 54 सेक्टर 05 में 1 करोड़ 27 लाख से क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर विकास कार्यों के लिए आज महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने भूमिपूजन किया। बारिश के पानी का बेहतर निकासी के लिए नालियों का निर्माण के साथ सड़कों के किनारे वृहद स्तर पर रंग , बिरंगे पेवर ब्लाक लगाए जाएंगे , इससे न केवल सड़कों की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि क्षेत्र को स्वच्छ बनाएं रखने में भी यह बेहद कारगार साबित होगा। गलियों में सड़क किनारे पेवर ब्लाक लगने से सेक्टर 05 के नागरिकों को सुबह-शाम टहलने के लिए सुगम सड़क की सहूलियत मिल सकेगी। कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि भिलाई निगम क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड अपनी अलग पहचान बना रहा है। जनसम्पर्क अधिकारी